हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मानसून हो या मॉनसून सत्र, अगर दोनों सक्रिय हों, तो वे बहुत फ़ायदेमंद साबित होते हैं। संसद का मॉनसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "जब दोनों सक्रिय और फ़ायदेमंद होते हैं, तो इससे देश का भला होता है और सभी जीवों का कल्याण होता है।" प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि मानसून सक्रिय और फ़ायदेमंद बना रहेगा और मानसून सत्र भी फायदेमंद साबित होगा।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में भारत की पहचान और स्वीकार्यता बढ़ रही है। यह एक ज़बरदस्त संदेश है कि देश के युवाओं की क्षमता और उम्मीदें अंतरिक्ष की तरह ही असीम हैं।

उन्होंने कहा, "सिर्फ़ एक महीने में देश ने कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं, ऐसी कामयाबियां जिनसे हर नागरिक को गर्व महसूस होता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे राष्ट्रीय मंच हो, अंतरराष्ट्रीय स्तर हो या अब अंतरिक्ष ही क्यों न हो, ये भारत के लिए सचमुच गर्व के पल रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल मॉनसून सत्र से ठीक पहले एक भारतीय नागरिक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचा था और कुछ दिन पहले ही एक युवा भारतीय स्टार्टअप ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की। प्रधानमंत्री ने कहा, हाल ही में राजस्थान में देश को एक बड़ी तेल रिफाइनरी समर्पित की गई। श्री मोदी ने बताया कि कुछ हफ़्ते पहले ही देश को तीसरा सेमीकंडक्टर प्लांट समर्पित किया गया था।

श्री मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव ने भारत जैसे देशों के लिए बड़ा संकट खड़ा कर दिया है, जो ऊर्जा के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पेट्रोल, डीज़ल, एलपीजी, खाद और रसायनों को लेकर कई रुकावटें और संकट पैदा हुए। उन्होंने कहा, इसके बावजूद भारत ने 7.7 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखी और दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा। यह भारत की अंदरूनी ताकत को दिखाता है।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास से राज्य के सरकारी स्कूलों की "विद्यालय प्रबंधन समितियों" के साथ सीधा राज्यस्तरीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकारी स्कूलों के मूल्यांकन के लिए ‘सच’ नामक पोर्टल भी जारी किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खंड स्तर पर सर्वोत्तम कार्य करने वाली "विद्यालय प्रबंधन समितियों" को ईनाम के तौर पर 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग स्कूल के विकास में किया जाएगा। इसमें सर्वोत्तम विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन "सच" पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा , सभी "विद्यालय प्रबंधन समितियों" को पेयजल का टैंक ठीक करवाने , टॉयलेट एवं दीवार की मरम्मत जैसे छोटे -मोटे एवं आवश्यक कार्यों के लिए एक लाख रुपए तक खर्च करने की शक्तियां दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त की स्वीकृति के बाद 25 लाख रुपये तक खर्च करने की अनुमति होगी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने भी विद्यालय प्रबंधन समिति को शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत कड़ी बताया और समिति के सदस्यों को सरकारी स्कूलों में रजिस्ट्रेशन बढ़ाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

************************************************************

हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में तेज बारिश हो रही है, जिससे उमस भरे मौसम से राहत मिली है।

हरियाणा में कालका, पंचकुला, अंबाला और जगाधरी में मूसलाधार बारिश होने की खबर है। चंडीगढ़ में भी हल्की बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने कहा है कि पंजाब , हरियाणा और चंडीगढ़ में कल 21 जुलाई को ज़्यादातर जगहों पर और 22 से 23 जुलाई तक कई जगहों पर और बारिश होने की संभावना है। 20 से 22 तारीख के बीच कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश ही हो सकती है। मौसम विभाग द्वारा 24 और 25 तारीख को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

************************************************************

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने किसानों से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2026-27 के तहत तीन अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं एवं वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से इस योजना के तहत किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में विभिन्न कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल एग्री हरियाणा.जीओवी.इन पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

इसके अलावा, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, ट्रैक्टर की वैध आरसी तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को जाति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

***************************************************************